आप पढ़ रहे हैं देश का एकमात्र नो निगेटिव अखबार

दैनिक भास्कर

सप्ताह की शुरुआत पॉज़िटिव सोच के साथ

झुंझुनूं, सोमवार, 21 नवंबर, 2022 | कार्तिक, कृष्ण पक्ष-12, 2079 | कुल पृष्ठ 14 | मूल्य ₹ 5.00

शेखावाटी भास्कर

झुंझुनूं | सोमवार, 21 नवंबर, 2022 झुंझुनूं - चिड़ावा - पिलानी उदयपुरवाटी - खेतड़ी - सूरजगढ़ dainikbhaskar.com

सेमिकंडक्टर डिवाइस फैब्रिकेशन पर कार्यशाला का समापन

पिलानी | सीएसआईआर सीरी में डीएसटी-एसईआरबी के सौजन्य से सेमिकंडक्टर डिवाइस फैब्रिकेशन पर दो सप्ताह का उच्च स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। संस्थान के पूर्व निदेशक प्रोफेसर चंद्रशेखर मुख्य अतिथि थे। अध्यक्षता संस्थान के निदेशक डॉ. पीसी पंचारिया ने की। मुख्य वैज्ञानिक डॉ. अभिजीत कर्मकर, पीएमई प्रमुख डॉ. प्रमोद तंवर, प्रशासन नियंत्रक जयशंकर शरण, वित्त एवं लेखा नियंत्रक जयप्रकाश इंदौरा विशिष्ट अतिथि थे। मुख्य अतिथि डॉ. चंद्रशेखर ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। कार्यशाला में प्रशिक्षणार्थियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रोफेसर चंद्रशेखर ने कहा कि सेमिकंडक्टर क्षेत्र में उद्योग स्थापित करने के लिए बहुत बड़ी धनराशि की आवश्यकता होती है जो भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाले विकासशील देश के लिए सदैव चुनौतीपूर्ण रहा है। परंतु अब भारत सरकार ने भी मेक इन इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत देशी एवं विदेशी उद्योगों को इस क्षेत्र में उद्योग स्थापित करने के लिए आमंत्रित किया है। इसके लिए 76000 करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित की है। इससे पूर्व डॉ. पीसी पंचारिया ने कहा कि हमारा संस्थान देश में सेमिकंडक्टर उद्योग के लिए कुशल जनशक्ति तैयार करने में अपनी भूमिका का निर्वहन कर रहा है। संचालन डॉ. विजय चटर्जी ने किया।